इस समिति ने निम्नलिखित के संबंध में परिषद को सिफारिश की थी (1) चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की स्वामित्व/भागीदारी फर्म के संबंध में गुडविल (साख) का विक्रय/ स्थानान्तरण पात्र सदस्यों को करने के लिए अनुज्ञा (2) ऐसे मामलों में फर्मनाम/फर्म की ज्येष्ठता में परिवर्तन जिसमें सामान्यता फर्म के पुनर्गठन के मामले भी सम्मिलित है, (3) चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की फर्म को प्रत्येक वर्ष 1 अप्रैल को गठन प्रमाण-पत्र जारी करना, (4) ऐसी अवधि के पश्चात, जिसके दौरान फर्म के नाम लुप्त रहे, उनके पुर्नज्जीवित होने पर मार्गदर्शक सिद्धान्त बनाना, (5) देश में 5 नई शाखाओं की स्थापना और देश के बाहर एक केन्द्र की स्थापना (6) पुस्तकालय अभिलेखों के कम्प्यूट्रीकरण के साथ एक व्यापक पुस्तकालय नीति बनाना, (7) कर्मचारियों के वेतनमानों का पुनरीक्षण, संस्थान के कर्मचारियों के लिए कल्याण स्कीमें प्रारम्भ करने की संभावनाओं का पता लगाना (8) संस्थान के परिसर/भवन को आकर्षक बनाना (9) कार्यालय अवसंरचना को सशक्त बनाना, (10) अभिलेखों/क्रियाकलापों का कम्प्यूटरीकरण (11) सूचना प्रौद्योगिकी का चरणबद्ध प्रयोग, (12) मानव संसाधन विकास कार्यक्रमों का आयोजन और उनका अनुसरण आदि।

4.2 परीक्षा समिति

4.2.1 इस समिति ने सूचना प्रोद्यौगिकी के क्षेत्र में की गई त्वरित उन्नति को उपयोग करने का प्रयास किया है। परीक्षा आवेदन पत्र प्राप्त करने और परिणाम घोषित होने के बीच लगे समय को कम करने के लिए, जहां तक संभव हो, विभिन्न प्रक्रियाओं का उपयुक्तः उपान्तरित करके और वर्तमान प्रणाली विकास के साथ चलते हुए कदम उठाए गए हैं। इससे न केवल विद्यार्थीयों को पर्याप्त राहत मिलेगी बल्कि इससे वर्तमान में नियोजित मानव शक्ति में भी कमी आएगी। सूचना प्रौद्योगिकी के बेहतर। प्रभावी उपयोग के परिणामस्वरूप परीक्षाओं के परिणाम और अंक सूची संस्थान के वेबसाइट पर दिखाकर देशभर में लगभग एक साथ परिणाम घोषित किए गए। परिणाम इन्टरएक्टिव वॉइस रेसपॉंस सिसटम से भी संसूचित किए गए। वर्तमान पद्धति के पुनरीक्षण और पुनःस्थापन की प्रक्रिया के प्रयाय और प्रक्रमण के विभिन्न प्रक्रमों में कम्प्यूटर के उपयोग के प्रयास जारी है।

4.2.2 मई, 1998 में 57 केंद्रों पर और नवंबर, 1998 में 65 केन्द्रों पर चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की अन्तिम और इंटरमीडिएट परीक्षाएं आयोजित की गई। फाउंडेशन (बुनियादी) परीक्षाएं मई, 1998 में 56 केन्द्रों पर और नवंबर 1998 में 64 केन्द्रों पर आयोजित की गई।

4.2.3 मई, 1998 की अंतिम, इन्टरमीडिएट और फाउंडेशन परीक्षाओं में भाग लेने वाले कुल अभ्यार्थियों की संख्या 22082, 39459 और 20214 थी और नवबंर, 1998 में क्रमशः 21532 46606 और 15918 थी। [illegible] परीक्षाओं में भाग लेने वाले अभ्यार्थियों की संख्या और घोषित सफल अभ्यार्थियों की संख्या दर्शाने वाला [illegible] परिशिष्ट 2 में दिया गया है।

4.2.4 ऐसे अभ्यार्थियों के नाम जिन्हें मई/नवंबर, 1998 में आयोजित परीक्षाओं में पुरस्कार और [illegible] प्रमाण-पत्र दिए गए, परिशिष्ट 3 में दिए गए हैं।

4.3 अनुशासन समिति

समिति, संस्थान द्वारा प्रदत्त वृत्तिक अर्हताओं की प्रस्थिति और मानक बनाए रखने [illegible] करती है। इस समिति ने अपने स्वीकृत दायित्व का पालन करते हुए, 33 विभिन्न अवसरों पर [illegible] आयोजित की जो लगभग 62 दिनों में हुई। परिषद ने इस समिति को 60 मामले जांच के लिए [illegible] मामलों में अपनी सुनवाई पूरी कर ली है। इनमें पूर्व वर्षों में परिषद द्वारा इस समिति [illegible] भी शामिल हैं। समिति का सभी मामलों को यथाशीघ्र संभव पूरा करने का प्रयास है।

अनुशासनिक कार्यवाहियों में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए चार्टर्ड [illegible] अधिनियम के वर्तमान उपबंधों और इसके अधीन बनाए गए विनियमों में परिवर्तन संबंधी सुझाव को सरकार के [illegible] के लिए पहले ही भेजा जा चुका है।

परिषद को और अनुशासन समिति को समक्ष । अप्रैल,, 1998 से 31 मार्च, 1999 तक की अवधि के दौरान रखे गए मामलों के ब्यौरे परिशिष्ट-4 मे दिये गए हैं।

5 (क) अनुसंधान और वृत्तिक विकास

परिषद, अनुसंधान, वृत्तिक विकास, सदस्यों की निरंतर वृत्तिक शिक्षा और छात्रों की शिक्षा और प्रशिक्षण क्षेत्र में श्रेष्ठता प्राप्त करने और उसे बनाए रखने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए अपनी विभिन्न गैर स्थायी समितियों के माध्यम से उन क्षेत्रों पर अधिक जोर दे रही है।

परिषद द्वारा गठित अनुसंधान समिति लेखांकन, संपरीक्षा और सम्बद्ध क्षेत्रों में निरंतर प्रयत्नशील है।

जबकि संस्थान ने अपनी विभिन्न अस्थायी समितियों के माध्यम से अनेक अनुसंधान क्रियाकलाप शुरू किए हैं/खोजे हैं, लेखामानकों, संपरीक्षा मानकों, विशेषज्ञ रायों, संगोष्ठियों, सम्मेलनों में प्रयोग के लिए पृष्ठभूमि सामग्री पर तथा अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर प्रकाशन निकाले हैं। इन क्रियाकलापों में, अन्य के साथ-साथ, निम्नलिखित भी शामिल है:-

5.1 लेखा मानक

संस्थान, लेखांकन में लगातार गुणात्मक सुधार की आवश्यकता और भारत में उद्यमों द्वारा प्रकटन को मान्यता देते हुये विशेषतया कारबार का भूमंण्डलीकरण हो जाने के संदर्भ में, लेखा मानक बनाए जाने को उच्चतम प्राथमिकता दे रहा है। लेखा मानक बोर्ड को, जिसे लेखा मानक बनाने का कार्य सौंपा गया है, प्रयासों को, कंपनी (संशोधन) अध्यादेश, 1998 (जिसे अब कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 1999 द्वारा अधिक्रांत कर दिया गया है) के प्रख्यापित किए जाने से कानूनी मान्यता प्राप्त हो गई है। अब कंपनी अधिनियम, कंपनियों से यह अपेक्षा करता है कि वे एक विशेष समिति अर्थात लेखा मानक पर राष्ट्रीय सलाहकार समिति सिफारिशों पर आधारित संस्थान द्वारा तैयार किए गए और केंद्रीय सरकार द्वारा विहित लेखा मानकों के अनुसार अपने वित्तीय विवरण तैयार करें उपरोक्त समितियों के गठन के लंबित रहने के दौरान ऐसे मानक विनिर्दिष्ट करने का दायित्व जिसका अनुसरण वित्तीय विवरण तैयार करने में निगमित सेक्टर द्वारा किया जाएगा, संस्थान को सौंपा गया है। तदनुसार संस्थान ने इस प्रयोजन के लिए सभी मानकों (अर्थात ए0एस0-1और ए0एस0 4-ए0एस0-15) को आज्ञापक विनिर्दिष्ट किया है। उपरोक्त विधायी परिवर्तन सोसायटी की उस महत्त्वपूर्ण भूमिका की स्पष्ट अभिव्यक्ति है जिसके लिएए संस्थान वित्तीय विवरण तैयार करने में लेखा मानक अपनाने के लिए प्रयत्नशील रहा है।

ए0एस0 2, सूचियों का मूल्यांकन, जो जून, 1981 में जारी किया गया था से देश में प्रचलित सूचि मूल्यांकन पद्धतियों की विभिन्नता में, कुछ सीमा तक, कमी आ गई थी।। इसमें और एक समानता लाने की दृष्टि से, इस विषय में बोर्ड ने पुनरीक्षित मानक जारी करके विकल्पों में कमी की है। बोर्ड ने लागत उधार पर प्रस्तावित लेखा मानक प्रकटन प्रारूप भी जारी किया हैं

बोर्ड ने अन्तर राष्ट्रीय लेखा मानकों के अन्तर्गत आने वाले, जिनका महत्व भारत के संदर्भ में बढ़ता जा रहा है, अनेक लेखा मुद्दों पर लेखा मानक बनाने की एक योजना भी बनाई है। इस संबंध में बोर्ड द्वारा विभिन्न अध्ययन समूह गठित किए गए हैं जो प्रस्तावित लेखा मानक केन्द्र प्रारम्भिक प्रारूप तैयार करेंगें अध्ययन समूहों को समनुदेशित विषयों के संबंध में ब्यौरे और प्रगति में अन्य परियोजनाओं के ब्यौरे परिशिष्ट-5 के पैरा । में दिये गए हैं।

5.2 संपरीक्षा मानक

भारत में प्रचलित संपरीक्षा पद्धतियों की समीक्षा करने और संस्थान की परिषद द्वारा जारी किए जाने के लिए मानक संपरीक्षा पद्धतियों पर विवरण विकसित करने के लिए 1982 में संपरीक्षा पद्धति समिति गठित की गई थी। मानक संपरीक्षा पद्धति (एस0ए0बी0) विकसित करन की प्रक्रिया में समिति ने अन्तर राष्ट्रीय संपरीक्षा पद्धतियों अर्थात अंतराष्ट्रीय लेखाकार परिसंघ (आई0एफ0ए0सी0) द्वारा जारी संपरीक्षा पर अन्तर राष्ट्रीय मानक (आई0एस0ए0) को जहां तक संभव हो भारत में प्रचलित स्थितियों और पद्धतियों को ध्यान में रखते हुए, एकीकृत करने का प्रयास किया है। इसके अतिरिक्त संपरीक्षा पद्धति समिति (ए0पी0सी0) संपरीक्षा से संबंधित विषयों पर मार्गदर्शक टिप्पण जारी करने का कार्य भी करती है।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान समिति ने जुलाई, 1999 में गोइंग कन्सर्न पर एस0ए0पी0 (मानक संपरीक्षा पद्धति) 16 और एस0ए0पी0 17 अर्थात संपरीक्षा कार्य का क्वालिटी नियंत्रण जारी किए।

वर्ष 2000 के अंक और संपरीक्षाओं की स्थिति पर इसके व्यापक परिणामों को ध्यान में रखते हुए सदस्यों के मार्गदर्शन के लिए वर्ष 2000 (वाई 2 के) अंक के संबंध में संपरीक्षक के कर्तव्यों पर मार्गदर्शक टिप्पण जारी किया जा चुका है।

संस्थान के सदस्यों पर सेबी के क्रय द्वारा वापस लेना (बाई बेक) विनियम, 1998 में विनिर्दिष्ट संपरीक्षक की रिपोर्ट में अंतर्निहित विपक्षाओं को समझने के लिए समिति सेबी से चर्चा करने के पश्चात् सेबी (प्रतिभूमि का क्रय द्वारा वापस लिया जाना) विनियम, 1998 के अधीन संपरीक्षक की रिपोर्ट पर एक मार्गदर्शक टिप्पण जारी करेगी।

समिति का ऐसे विषयों पर मानक संपरीक्षा पद्धतियां जारी करने का प्रस्ताव है जिनपर आई0एफ0ए0सी0 ने आई0एस0ए0 जारी किए हैं। किंतु जिन पर संस्थान द्वारा किसी प्रकार की उद्घोषणा अभी जारी नहीं की गई है। वर्ष, 1999 के अंत तक समिति का उद्देश्य एस0ए0पी0 और आई0एस0ए0 के बीच अंतर को सारवान् रूप से कम करना है। इस प्रयोजन के लिए प्रस्तावित एस0ए0पी0 का प्रारूप तैयार करने के लिए अध्ययन समूह बनाए गए थे। समिति पहले ही कारबार के ज्ञान, लेखा आकलन की संपरीक्षा और पश्चात्वर्ती घटनाओं पर प्रस्तावित एस0ए0पी0 के प्रकटन प्रारूप को अंतिम रूप दे चुकी है जिसे जनता के टिप्पणों के लिए जारी किया जा रहा है।

संपरीक्षकों के कार्य-पत्रों तक बाहरी व्यक्तियों की पहुंच का अधिकार संपरीक्षकों के कर्तव्यों का स्पष्टीकरण, जहां वित्तीय विवरणों में प्रविष्टियों का मूल्यांकन और प्रमाणन प्रबंध मंडल द्वारा हो, पर मार्गदर्शक टिप्पण और वित्तीय विवरणों के संकलन के संबंध में सदस्यों के कर्तव्यों पर मार्गदर्शक टिप्पण विकास की प्रक्रिया में हैं।

वर्ष के दौरान समिति ने अनेक बाहरी निकायों जैसे भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी, बी0आई0एफ0आर0 आदि द्वारा इसे निर्दिष्ट मुद्दों पर भी कार्यवाही की।

समिति एन0बी0एफ0सी0 (गैर बैंककारी वित्त कंपनियों) के वित्तीय विवरणों के प्रारूप को अंतिम रूप देने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक से चर्चा कर रहीं है।

5.3 अनुसंधान

अन्य समितियों द्वारा किए जा रहे अनुसंधान कार्य के अलावा, अनुसंधान समिति अनुसंधान अध्ययन विनिर्दिष्ट उद्योगों में लेखांकन और संपरीक्षण की तकनीकी मार्गदर्शिका, विनिर्दिष्ट उद्योगों के संबंध में आंतरिक संपरीक्षा पर मार्गदर्शक सिद्धांत, मोनोग्राफ आदि के रूप में अनेक प्रकाशन निकाल रही है जिससे कि उन दोनों में अपने कर्तव्यों का पालन करने में हमारे सदस्यों को मार्गदर्शन मिल सके।

समिति कम्प्यूटर बेस्ड बजटिंग इन एस0बाई0बी0ए0एस0ई0 ए-केस स्टडी ऑफ ए हेर्ब्बा इंजीनियरिंग आरगेनाइज़ेशन, डिटेक्शन आफ फ्राड्स - सब केस स्टडीज पर एक अध्ययन का विमोचन कर चुकी है। मार्गदर्शक टिप्पणों के सारांश का पाचंवा संस्करण - प्रथम जिल्द भी प्रकाशित हो चुकी है।

अन्य प्रकाशनों जैसे (1) निगमित पुनः संरचना, (2) सूचना और अपूर्ण अभिलम्बों की संपरीक्षा और प्रमाणन, (3) ब्रांड मूल्यांकन, (4) गैर सरकारी संगठनों । निजी विकास अभिकरणों में लेखांकन और संपरीक्षण, उत्पाद-शुल्क के लिए लेखांकन पर मार्गदर्शक टिप्पण के पुनरीक्षित संस्करण ओर मोडवेट के लिए लेखांकन उपचार पर मार्गदर्शक सिद्धान्त का विमोचन शीघ्र ही किया जाएगा।

लेखांकन, संपरीक्षण, वित्तीय सेवाएं और सहबद्ध क्षेत्रों में अनेक अनुसंधान परियोजनाएं पूर्ण होने के विभिन्न प्रक्रमों पर हैं। समिति ने अनुसंधान परियोजनाओं के लिए अनेक नए विषयों की भी पहचान की है।

अनुसंधान समिति की उप समिति- शील्ड पैनल को अनेक प्रवर्गों अर्थात कंपनियों/निगमों, बैंकों/वित्तीय संस्थाओं आदि से वर्ष 1997-98 के लिए सर्वोत्तम प्रस्तुत लेखा के पुरस्कार के संबंध में वार्षिक प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं। और उसके द्वारा पुरस्कारों को अंतिमरूप दे दिया गया है।

अनेक अनुसंधान परियोजनाओं की विस्तृत प्रस्थिति परिशिष्ट-5 में दी गई है।

5.4 निगमित विधियां

वर्ष 1998-99 में निगमित विधि समिति ने सरकार द्वारा पुनः स्थापित अनेक निगमित विधायी विधेयकों अध्यादेशों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करके एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक भूमिका निभाई है। कंपनी

अधिनियम, 1997 के पारित होने के लिए लंबित रहते हुए, कंपनी अधिनियम, 1956 में कुछ संशोधन करने के लिए सुझावों का ज्ञापन प्रस्तुत किया गया था और कंपनी (संशोधन) अध्यादेश 1998 के पुनःस्थापित किए जाने पर सुझावों का एक ओर ज्ञापन किया गया था। समिति को यह रिपोर्ट देते हुए, प्रसन्नता हो रही है। विचार किए जाने के पश्चात को कंपनी (संशोधन) अध्यादेश 1998 में सम्मिलित किया गया।

विदेशी मुद्रा प्रबंध विधेयक 1998, धन शोधन निवारण विधेयक 1998 पुनःस्थापित किए जाने पर समिति ने अपने सुझावों का ज्ञापन वित्त पर संसदीय स्थायी समिति को प्रस्तुत कर दिया था।

इसके अलावा, समिति ने कंपनी कार्य विभाग के साथ मिलकर बंगलौर में केन्द्रीय कंपनी विधि सेवा अधिकारी के लिए पांच दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन श्री टी0एस0 कृष्णमूर्ति, सचिव, कंपनी कार्य विभाग द्वारा बहुत प्रशंसा और सराहना की गई थी जो विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

समिति ने शेयरों को क्रय द्वारा वापस लेने के लिए लेखाकंन उपचार पर प्रारूप टिप्पण जारी करने के लिए कदम उठाए थे और पब्लिक सेक्टर उपक्रमों की वार्षिक रिपोर्ट के पुनर्विलोकन के लिए अनुसंधान परियोजना को उच्च प्राथमिकता दी गई थी। समिति को अंतिम रिपोर्ट प्राप्त हो गई है और आशा है कि अंतिम रिपोर्ट शीघ्र ही प्राप्त हो जाएगी।

समिति ने भविष्य की शोधन क्षमता की घोषणा प्रस्तुत करने में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों के संबंध में एक टिप्पण कंपनी कार्य विभाग में भेजा था। लघुहितीय कंपनी विधेयक, 1999 पर सुझावों का ज्ञापन कंपनी कार्य विभाग को भेजने का भी प्रस्ताव किया गया था।

7 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 1999 के बीच चैन्नई के निकट ममल्लापुरम में राजविस और नियमित विधियों पर आवसीय पाठ्यक्रमों आयोजित करने के प्रबंधों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इस समय कंपनियों के रजिस्ट्रार के कुछ कार्यालयों के कार्यकरण का अध्ययन किया जा रहा है और इसकी रिपोर्ट शीघ्र प्राप्त होने की आशा है।

5.5 राजवित्तीय विधियां

गत वर्षों की तरह इस वर्ष पर भी संस्थान ने वित्त विधेयक, 1999 पर बजट पूर्व ज्ञापन, जिसमें इसके सुझाव/मतभिव्यक्तियां शामिल थी और जिनमें से अधिकतर केन्द्रीय सरकार द्वारा स्वीकार कर लिए गए थे एवं बजट पश्चात ज्ञापन भी भेजे थे। केन्द्रीय बजट 1999 पर विचार करने के लिए, जिसमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के संबंध में प्रस्ताव शामिल थे, एक उच्च स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के क्षेत्र में सदस्यो की विशेषज्ञता की प्रशंसा विभागीय प्राधिकारियों द्वारा की गई वित्त (स02) अधिनियम 1998 के द्वारा 12 और सेवाओं को जिनके अन्तर्गत व्यवसाय कर रहे चार्टर्ड एकाउंटेंटों द्वारा प्रदान की गई सेवा भी है, सेवाकर जाल के अन्तर्गत लाया गया है। इसके संबंध में, प्रस्ताव की तारीख से ही संस्थान, अप्रत्यक्ष कर प्राधिकारियों के साथ संपर्क बनाए हुए है। सेवा करके संबंध में उपबंधों के उचित पालन के लिए सदस्यों के मार्गदर्शक हेतु चार्टर्ड एकाउंटेंट्स द्वारा प्रदत्त सेवाओं पर सेवाकर एक अध्ययन विषय पर एक प्रकाशन निकाला गया है। पुनरीक्षित कर संपरीक्षा फार्म अर्थात फार्म 3 ग क, 3 ग ख और 3 ग घ तैयार किए जा रहे हैं।

5.6 वित्तीय बाजार

समिति ने अपने विस्तार और कृत्यों को व्यापक बनाने के लिए अनेक कार्यवाहियाँ की हैं और कदम उठाए हैं और तद्नुसार नाम बदलकर वित्तीय बाजारों और निवेशकों की सुरक्षा समिति कर लिया है। वित्तीय बाजारों से संबंधित संस्थाओं से निकट संबंध बनाए रखने के लिए सेबी, दिल्ली स्टॉक एक्सचेंज, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के नामनिदेशिनियों को इस समिति में सम्मिलित किया गया है। यह सेबी के साथ निकट संपर्क बनाए हुए है। इसने टेकओवर कोड 1997 पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए थे। नई शताब्दी में पूंजी बाजार पर एक संगोष्ठी लखनऊ में आयोजित की गई थी और 13 तथा 14 फरवरी 1999 को मुंबई में व्युत्पत्ति (इंडेक्स फ्यूचर) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम की नेशनल स्टॉक एक्सचेंज सहित सभी प्रशंसा की थी। अन्य महानगर क्षेत्रों में भी वैसे ही कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें।

5.7 विशेषज्ञ राय

सदस्यों से प्राप्त असंख्य शंकाओं पर विशेषज्ञ सलाहकार समिति ने अपनी राय दी है। इसने रायों का सार की जिल्द-17 प्रकाशित कर दी है जिसमें जनवरी 1997 और जनवरी 1998 के बीच दी गई राय अंतर्विष्ट हैं। वर्ष के दौरान समिति द्वारा दी गई रायों को जिल्द 18 में प्रकाशन के लिए संकलित किया जा रहा है।

5.8 सतत् वृत्तिक शिक्षा

सतत् वृत्तिक शिक्षा समिति इस तथ्य को मानते हुए कि सदस्यों को अपने वृत्तिक उत्तरदायित्वों को कारगर ढंग से पालन करने के लिए उच्चतर शिक्षा और कौशल हासिल करना चाहिए, चालू और महत्वपूर्ण विषयों पर सदस्यों का ज्ञान बढ़ाने के प्रयास करती रही है।

विभिन्न विषयों जैसे — समझा गया विक्रय संव्यवहार का कराधान, केन्द्रीय विक्रय कर प्रत्यक्ष कराधान (निगमित पुनःसंरचना और वास्तविक संपदा विकास संव्यवहारों के विशेष संदर्भ में) परियोजना वित्त क्रेडिट रेटिंग, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, मूल्य वर्धित कर परियोजना मूल्यांकन, ईडीपी संपरीक्षा पिटफाल और रक्षोपाय प्रणाली संपरीक्षा (कम्प्यूटर केन्द्र द्वारा प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के लिए अध्ययन सामग्री संसूचना कौशल - । बैंक संपरीक्षा सीडी-आर ओ एम वाई 2 के अनुपालन बैंक संपरीक्षा और वाई 2 के तथा बैंक संपरीक्षा पर दो टेली कान्फ्रंसेस और वाई 2 के अनुपालन आयोजित किए गए।

सदस्यों के फायदे के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें से कुछ अन्य संगमों के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किए गए ऐसे कार्यक्रमों और इसमें शामिल किए गए विषयों की विशिष्टयां परिशिष्ट 5 के पैरा 8 में दी गई हैं।

सदस्यों के फायदे के लिए समिति ने अर्हतापश्चात परीक्षा का आयोजन जारी रखा और इन पाठ्यक्रमों को लोकप्रिय बनाने के लिए समुचित उपाय किए जा रहे है। संस्थान के कम्प्यूटर केन्द्र देश के विभिन्न भागों में सदस्यों और छात्रों को कम्प्यूटर शिक्षा देने गए हैं। वर्ष के दौरान प्रकाशित पृष्ठभूमि सामग्री भी परिशिष्ट 5 के पेरा 8 में दी गई है।

5.9 वृत्तिक विकास

वृत्तिक विकास समिति ने ऐसे नए क्षेत्रों की पहचान करके जहां सदस्यों की विशेषता को उत्पादनकारी और उपयोगी रीति में उपयोग किया जा सके, सदस्यों को उपलब्ध वृत्तिक अवसरों में वृद्धि करने का प्रयास जारी रखे हैं। इस प्रक्रिया के अलावा समिति ने नियामक प्राधिकारियों, वृत्तिक अवसरों में वृद्धि करने का प्रयास जारी रखे हैं। इस प्रक्रिया के अलावा समिति ने नियामक प्राधिकारियों, वृत्ति की सेवा के उपयोग कर्त्ताओं के साथ संपर्क बनाना भी जारी रखा।

समिति द्वारा उठाए गए कदमों का यह परिणाम हुआ कि तमिलनाडु में विक्रय कर प्रयोजन के लिए अनिवार्य संपरीक्षा प्रारम्भ कर दिया गया। असम सरकार ने भी विक्रय कर संपरीक्षा प्रारम्भ करने का प्रस्ताव किया है। हाल ही में कर्नाटक सहकारी सोसायटी अधिनियम में किए गए संशोधन ने राज्य में सहकारी सोसायटी की संपरीक्षा करने के लिए चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स को समर्थ बनाया है।

समिति ने केन्द्र ओर राज्य दोनों स्तरों पर अनेक मंत्रालयों और विभागों के कार्यकरण के क्षेत्रों के बहुत सेऐसे क्षेत्रों की पहचान की है जहां हमारी विशेषता को उपयोगी रूप में काम में लाया जा सकता है। इन क्षेत्रों को राज्य सरकारों और केन्द्र में कुछ विशिष्ट मंत्रालयों को भेजे गये पत्रों में वर्णित किया गया है। इसका उत्तर सकारात्मक और काफी प्रोत्साहनवर्धक प्राप्त हुआ है।

हमारी वृत्ति के सदस्य बैंकिंग सेक्टर में व्यापक सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इन सेवाओं को अधिक कारगर बनाने और आपसी हितों के विषयों पर विचारों का आदान प्रदान करने के लिए भारतीय बैंक संगम के प्रतिनिधियों से मिलाकर एक स्थायी समिति गठित की गई है। संस्थान द्वारा प्रत्येक वर्ष बनाए गए पैनल का उपयोग पब्लिक सैक्टर बैंकों के शाखा संपरीक्षकों की और समवर्ती संपरीक्षकों की भी नियुक्ति के लिए किया जाएगा।

वृत्तिक विकास के नए क्षेत्रों का पता लगाने के अलावा, संबंधित राज्य सरकारों से वृत्तिक विकास के विषयों पर चर्चा करने के लिए राज्य-वार टास्क फोर्स का गठन किया गया।

स्थानीय विकायों के लेखांकन पद्धतियों में सुधार लाने केलिए तौर तरीकों पर विचार करने हेतु वित्तीय संस्थान सुधान और विस्तार परियोजना (अन्तर राष्ट्रीय विकास के लिए संयुक्त राष्ट्र अभिकरण द्वारा वित्तपोषित एक संयुक्त भारतीय अमेरिकी कार्यक्रम) के साथ एक अध्ययन समूह का गठन किया गया। अध्ययन समूह ने स्थानीय निकायों के वित्तीय विवरणों का एक प्रारूप को तैयार किया है जो इन वित्तीय विवरणों के पाठको को अर्थपूर्ण सूचना प्रदान करेगा। प्रारूप पर विभिन्न हित समूहों के साथ चर्चा की जा रही है। और इसे उनसे प्राप्त पुननिवेशन के आधार पर अंतिम रूप दिया जाएगा।

संस्थान तथा भारत के महानियंत्रण और संपरीक्षक के कार्यालय एवं कंपनी कार्य विभाग के प्रतिनिधियों से मिलकर एक समूह का गठन किया गया है। जो संपरीक्षकों के पारिश्रमिक की पर्याप्तता से संबंधित विषय पर गहनता से विचार करेगा।

समिति ने चाई 2 के अनुपालन प्रमाणन के लिए चार्टर्ड एकाउंटेंटों का पैनल तैयार करने के कार्य को करने का विनिश्चय किया है। इस पैनल की सेवाएं ऐसे सभी प्राधिकरणों संगठनों को प्रदान की जाएंगी जिन्होंने ऐसे प्रमाणन के लिए हमारे सदस्यों की सेवाओं का उपयोग करने में अपनी दिलचस्पी दिखाई है।

इसने पब्लिक सेक्टर बैंकों के कानूनी शाखा संपरीक्षकों की और ग्रामीण बैंकों में शाखा संपरीक्षकों की नियुक्ति के लिए भी एक पैनल तैयार किया है। इसने शाखा संपरीक्षा कार्य अधिक व्यापक और क्षाम्य वितरण और पैनल तैयार करने तक ऐसा कार्य आबंटित करने में अधिक पारदर्शिता के लिए अपने प्रयास जारी रखे हैं। समिति ने एक व्यापक पैनल तैयार करने का विनिश्चय किया है। जिसका उपयोग चार्टर्ड एकाउन्टेंटों का न केवल उपरोक्त प्रयोजन के लिए पैनल के लिए भी।

5.10 कैंपस इंटरव्यू (साक्षात्कार)

सितंबर 1995 में प्रारम्भ किए गए कैंपस इंटरव्यू की नियोजन कारी संगठनों (पब्लिक और प्राईवेट सेक्टरों जिनमें बहुराष्ट्रीय संगठन भी हैं) और युवा सदस्यों दोनों ने अत्याधिक सराहना की है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान नियोजकों के 24 दलों ने लगभग 4700 युवा चार्टर्ड एकाउंटेंटों के बायो-डाटा (जीवनवृत्त), पर विचार किया। स्कीम को मिलने वाले समर्थन से प्रोत्साहित होकर संस्थान ने उद्योगों में सदस्यों के लिए समिति के माध्यम से इन्टरव्यू बोर्ड का सामना अधिक आत्म विश्वास के साथ करने के लिए युवा सदस्यों को प्रशिक्षित करते हुये विभिन्न साक्षात्कार केन्द्रों पर कार्यशालाओं और अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए। कैंपस इन्टरव्यू के संबंध में सांख्यकीय सूचना परिशिष्ट -5 के पैरा 9 में दी गई है।

5.11 दूर-सम्मेलन (टेली कान्फ्रेंसिंग)

सतत् वृत्तक शिक्षा समिति ने चाई 2 के और बैंक संपरीक्षा, चाई 2 के अनुपालन के विषयों पर टेली कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से दो कार्यक्रम आयोजित किए। क्षेत्रीय परिषदों और उनकी शाखाओं को टेली कान्फ्रेंसिंग का नियमित रूप में उपयोग करने के लिए अपेक्षित अवसंरचना उपलब्ध कराई जा रही है।

5.12 विभिन्न अस्थायी समितियों द्वारा किए गए महत्वपूर्ण क्रियाकलापों के ब्यौरे परिशिष्ट -5 में दिये गए हैं।

5. (ख) लेखा अनुसंधान प्रतिष्ठान

संस्थान द्वारा संबंधित अनुसंधान प्रतिष्ठान निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ 14 जनवरी 1999 को अस्तित्व में आया था।

(1) न केवल अपने देश बल्कि अन्य देशों में भी वृत्ति हितों के क्षेत्रों के संबंध में आंकड़ा आधार सृजित करना और बनाए रखना।

(2) लेखा संपरीक्षा वित्त, राजवित्त और नियमित विधि के मुख्य क्षेत्रों पूंजी बाजार और सहबद्ध क्षेत्रों में अनुसंधान करना

(3) संयुक्त राज्य अमेरिका में वित्तीय लेखांकन मानक बोर्ड (एफएसबी) और यू0के0 में लेखा मानक बोर्ड (एएसबी) द्वारा किए जा रहे फील्ड अध्ययन और अनुसंधान के समान तकनीकी क्रियाकलापों का समर्थन करना।

आई0सी0ए0आई0ए0आर0एफ एक स्वतन्त्र निकाय के रूप में कार्य करेंगे। इसे आई0सी0ए0आई0 द्वारा बजट में सहायता दी जाएगी। भवन का निर्माण करने के लिए सेक्टर 62 नोएडा में 8000 वर्ग मीटर भूमिअर्जित कर ली गई है। अपनी संगठन संरचना स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है।

लेखा संपरीक्षा, वित्त अर्थशास्त्र और सहबद्ध क्षेत्रों में अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए आई0सी0ए0 आई0ए0आर0एफ0 में निम्नलिखित पुरस्कार संस्थित किए है :-

सर्वोत्तम अनुसंधान पत्र के लिए स्वर्ण पदक	आई0सी0ए0आई0ए0आर0एफ0 की ओर से प्रमाण-पत्र के साथ 25000/- रुपए का नकद पुरस्कार स्वर्ण पदक और
द्वितीय सर्वोत्तम अनुसंधान पत्र के लिए रजत पदक	आई0सी0ए0आई0 ए0आर0एफ0 की ओर से प्रमाण-पत्र के साथ 20,000/- रुपए का नकद पुरस्कार
प्रशंसनीय प्रयासों के लिए कांस्य पदक (3 इनाम)	आई0सी0ए0आई0 ए0आर0एफ की ओर से कांस्य पदक और प्रमाणपत्र के साथ 5000/- रुपए का नकद पुरस्कार

6. अन्तर्राष्ट्रीय पहल

संस्थान वृत्ति लेखाकारों के विभिन्न अन्तराष्ट्रीय निकायों के साथ अपना संगम बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है, इसने यूक्रेन, रूस और किरगिस्तान में वृत्ति के विकास के लिए इन देशों में लेखाकर्म/संपरीक्षण निकायों के साथ और कोमसिगलियों नेशलन डी डोट्टोरी कमरशियलिस्टी और कोनसिगलियो नेशनल डी रेजन्नरीं ई-प्रीति कमशशियल, इटली के साथ तकनीकी सहयोग और आपसी आराम प्रदान का करार इस पर बल देते हुए किया था। कि यूरोपीय संघ में आई0सी0ए0 आई0 की अर्हताओं को मान्यता प्राप्त हो। इटली के संस्थान ने इस प्रयास में हमारी मदद करने का वचन दिया था। चीन के चाइनीज इंस्टीटयूट आफ सर्टीफाइड पब्लिक एकाउंटेंट्स आफ एकाउटेंटस सी0आईसी0पी0ए0 और मलेशिया के मलेशियन इन्स्टीट्यट आफ एकाउन्टेंटस (एम0आई0ए0) के साथ सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए भी पहल की गई थी। संस्थान की भूमिका पर एक संक्षिप्त रिपोर्ट ओर ऐसे निकायों के साथ उसके संबंधों की रिपोर्ट परिशिष्ट 5 के पैरा 10 में दी गई है।

7. दूक शक्ति और पुर्नसंरचना (विज़न एण्ड रिस्ट्रक्चरिंग)

1998-99 में परिषद द्वारा दूक शक्ति और पुनसंरचना पर गठिता समिति अपनी वृत्ति के पूर्ण गेमट का पुनविलेकन और अगली शताब्दी में इसकी स्थिति सुनिश्चित करने का कार्य कर रही है। वर्ष के दौरान समिति ने पांच बैठकें की थी ओर तीन प्रश्नावलियां बनाई थी। (1) वृत्ति सदस्यो (2) नियोजित सदस्यो के लिये (3) छात्रों के लिये इन्हें सितंबर 1998 के और मार्च 1999 के अंकों में संस्थान की पत्रिका में और छात्रों की समाचार पत्रिका में प्रकाशित किया गया था। प्राप्त प्रतिक्रियाएं विचाराधीन हैं। समिति ने मिशन विवरण और विज़न विवरण का एक प्रारूप भी तैयार किया है। समिति की संक्षिप्त रिपोर्ट परिशिष्ट - 5 के पैरा 14 में दी जा रही है।

8. स्वर्ण ज्यंती समारोह

समिति ने 1 जुलाई 1998 को संस्थान के अस्तित्व को 50वें वर्ष में प्रवेश करने और 30 जून 1999 को 50 वर्ष पूर्ण करने के ऐतिहासिक अवसर को 1 जुलाई 1998 से प्रारम्भ होकर 30 जून 2000 की समाप्ति तक दो वर्षों के लिए लाभपद्र रूप में मानने का विनिश्चय किया था।

स्वर्ण ज्यंती समारोह का उद्घाटन भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा 1 जुलाई 1998 को नई दिल्ली के शीरी फोर्ट आडिटोरियम में किया गया था। भारत के वित्त मंत्री ने विश्व आर्थिक शक्ति के रूप में भाषण दिया था जिसके पश्चात उद्घाटन समारोह हुआ था। पर्यावरण और वन मंत्री तथा बड़ी संख्या में विशिष्ट व्यक्तियों ने कार्यक्रम में भाग लिया था।

उसी के भाग रूप में स्वर्ण ज्यंति सम्मेलन का भी 4 से 6 दिसंबर 1998 को सांइस सिटी, कलकत्ता में आयोजन किया गया था। इसका उद्घाटन पश्चिम बंगाल के राज्यपाल माननीय राज्यपाल डा0 श्री ए0आर0 किदवाई ने किया था। इसमें भारत और विदेशों के लगभग 1300 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था।

संस्थान द्वारा 50 वर्ष पूरे करने की ऐतिहासिक घटना का उद्घाटन भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 1 जुलाई 1999 को किया था माननीय विधि न्याय और कंपनी कार्य मंत्री श्री राम जेठमलानी एवं माननीय पर्यावरण तथा वन मंत्री श्री सुरेश पी0 प्रभु ने इस समारोह में भाग लिया था। इसके पश्चात आर्थिक विकास में लेखाकर्म वृत्ति की भूमिका पर श्री एन0के0पी0 साल्वे राज्य सभा सदस्य और वित्त आयोग के सदस्य डा0 ए0 बागची ने स्वर्ण ज्यंति लेक्चर दिए और सुविख्यात पैमलिस्ट श्री पी0 पी0 प्रभु, वाणिज्य सचिव श्री टी0एस0 कृष्णमूर्ति, सचिव कंपनी कार्य विभाग श्री डी0आर0 मेहता चेयरमेन सेबी श्री आर0 श्री निवासन, आर्थिक सलाहकार, योजना

आयोग डा0 भास्कर बैनर्जी, ज्येष्ठ प्रबंध निदेशक, डंकन इण्डस्ट्रीज लिमिटेड और श्री वाई0 एच0 मलेगम, भूतपूर्व अध्यक्ष, आई॰सी0ए0आई0 ने लेखांकन वृत्ति का योगदान 21वीं शताब्दी की आशाएं विषय पर पैनल चर्चा में भाग लिया।

9. अन्य गतिविधियां

9.1 प्रशासन और मानव विकास संसाधन

संस्थान ने प्रशासनिक व्यवस्था को नई दिशा देने की आवश्यकता को महसूस किया है ताकि वह सदस्यों और छात्रों की बढ़ती हुई संख्या को बेहतर सेवा देने में सक्षम रहें पद्धति और प्रक्रियाओं को सुधार ने, प्रशासनिक मशीनरी को अद्यतन बनाने सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करने और सक्षमता सुधार के लिए आवश्यक अवसंरचना भी उपलब्ध कराने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं।

भर्ती किए गए नए अधिकारियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रमों के अलावा कार्यपालक विकास, व्यवहारिक परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए और अनुपालन में सुधार लाने में उनकी सहायता करने के लिए मुख्यालय तथा इसके विकेन्द्रित कार्यालयों में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

9.2 सदस्य और छात्र सेवाओं में सूचना प्रौद्योगिकी

उच्च-तकनीक सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने की अपनी प्रतिबद्धता के भागरूप आई0सी0ए0आइ0 ने 100 के लगभग चतुर्थ जनन ग्राहक सर्वर कम्प्यूटर लगाए हैं जिससे कि सदस्यों और छात्रों की निरंतर बढ़ती मांगों को पूरा किया जा सके।

टाटा कंसलटेन्सी सर्विसेज (टी0सी0एस0) की सहायता से एक कस्टम बिल्ट साफ्टवेयर विकसित किया गया था। सदस्यों फर्मों, सी0ओ0एस0, छात्रों, लेखा और एच0आर0 कन्सोलिडेशन के लिए पृथक-पृथक माड्यूल्स विकसित किए गए हैं। इन प्रणालियों में भी सदस्यों तथा छात्रों की बाबत विभिन्न संसूचनाओं के जनन के लिए संबंधित कार्यालय आटोमेशन प्रणालियां और विश्लेषण संबंधी रिपोर्ट हैं। आरंभिक साफ्टवेयर बाद को निरंतर सुधारा/अद्यतन बनाया जा रहा है और प्रणालियों को कार्यपालन को निरंतर मानीटर किया जा रहा है।

जैसा कि पहले बताया गया है, नई प्रणाली को पहले ही संस्थान के सभी कार्यालयों स्थानों पर शुरू कर दिया गया है। क्षेत्रीय डाटाबेस को भी मुख्यालय में समेकित कर दिया गया है और यह प्रणाली सितंबर 1998 से आन-लाइन पर है। कम्प्यूटर प्रणालियों हार्डवेयर, साफ्टवेयर और डाटा फाइलों पर सहस्राब्दि परिवर्तन के प्रभाव पर विचार करते हुए वाई 2 के अनुपालन के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं।

इंटरनेट के बढ़ते प्रयोग के क्रम में सभी हमारी विकेन्द्रित कार्यालयों को इंटरनेट कनेक्शन प्रदान किए गए थे। मुख्यालय के चुने हुए पदाधिकारियों को ई-मेल और इंटरनेट प्रशिक्षण दिया गया था और इससे सदस्यों तथा छात्रों से संबंधित मामलों को निपटाने के लिए अंतरकार्यालय संसूचनाओं के साथ साथ सदस्यों और छात्रों को ई मेल पर आई0सी0ए0 आई0 से संपर्क करने में सहायता मिली।

इस संबंध में सबसे अधिक ध्यान देने योग्य उपलब्धि है लंबित मामलों का अत्यधिक निपटारा और मामलों का शीघ्र निपटारा होना। इसके साथ ही इंटरनेट का फाउंडेशन इंटर और फाइनल परीक्षाओं के परिणाम संस्थान के अपने कार्यालय वेब साइट पर घोषित करने के लिए प्रयोग किया जा रहा है। संस्थान 64 के बी0पी0एस0 आई0एस0डी0एन0 टेलिफोन सुविधा का भी प्रयोग कर रहा है। इंटरनेट पर और आई0वी0आर0 (इंटरएक्टिव वायस रिस्पोंस) टेलीफोन प्रणालियों पर रविवारीय परीक्षा डाक संबंधी परीक्षा के परिणाम उपलब्ध कराने में भी कार्य प्रगति पर है। सदस्यों और छात्रों को दी जाने वाली सेवाओं की क्वालिटी में और सुधार करने के लिए संस्थान के कार्यकरण के विभिन्न भागों में सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने का पता लगाया जा रहा है। आरंभ में आई0सी0ए0आई0 वेब साइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू आई सी ए आई ओ0आर0जी0 का विकास संस्थान के परिणामों के प्रकाशन के लिए किया गया था। लेकिन सदस्यों और छात्र सेवाओं के लिए समय के साथ-साथ वेब साइट में अत्यधिक सूचनाएं आ गई हैं। इस वेब साइट में अधिनियम, विनियम और फार्मों, सदस्यों और छात्रों से संबंधित प्रक्रियाओं से व्यापक सूचना एकत्र करने का उपबंध है। इस साइट में डायनेमिक वेब पेजेज का प्रयोग करने वाले सदस्यों और छात्रों तक सुगम पहुंच कराने के लिए सुधार किया जा रहा है और पुनः बनाया जा रहा है।

9.3 लेखापरीक्षकों का अनुचित रूप से हटाया जाना

विगत जैसे समिति ने सदस्यों के नैतिक स्तर तथा वृत्तिक आचरण से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण नैतिक समस्याओं प्रश्नों और लेखापरीक्षकों को अनुचित रूप से हटाए जाने के आरोपों की समीक्षा की है और उनका निपटारा किया है। परिषद द्वारा (1) वाई 2 के (वाई 2 के) अनुपालन प्रमाणन संबंधी अधिसूचना जारी किए जाने (2) जहां

पूर्ववर्ती लेखापरीक्षकों की निर्विवादित लेखा परीक्षा फीसों का संदाय नहीं किया गया है जहां लेखा परीक्षा स्वीकार न किए जाने के संबंध में अधिसूचना जारी किए जाने (3) उन व्यवसायरत सदस्यों की जो पूर्णकालिक नियोजन में हैं, उनके मुख्य व्यवसाय के रूप प्रेक्टिस पर विचार न किए जाने तथा पूर्ववर्ती लेखापरीक्षक को अनुचित रूप से हटाए जाने के मामले में नए आने वाले लेखापरीक्षक द्वारा लेखा परीक्षा स्वीकार न किए जाने के संबंध में अधिसूचना जारी किए जाने पर समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर जो विनिश्चय किए गए हैं उनका उल्लेख परिशिष्ट 5 के पैरा 10 में किया गया है।

जब कभी भी सापेक्ष लेखा परीक्षा रिपोर्ट के प्रस्तुत किए जाने के कारण लेखा परीक्षकों के अनुचित रूप से हटाए जाने के आरोप लगते हैं और परिणामस्वरूप लेखापरीक्षकों की स्वतंत्रता खतरे में पड़ी है, तो इन मामलों की संबंधित नियुक्ति प्राधिकारियों और अधिकारियों के समक्ष उठाया गया है। उक्त प्राधिकारियों द्वारा संस्थान के दृष्टिकोण को अनुकूल रूप से स्वीकार किया गया है। इस चिंता को दूर करने के लिए अध्यक्ष महोदय ने जर्नल के मार्च 1999 के अंक के अपने पृष्ठ पर सदस्यों को यह सलाह दी है कि वे उस दशा में लेखापरीक्षा को स्वीकार न करें जब उनके पूर्ववर्ती लेखा परीक्षक को लेखा परीक्षा रिपोर्ट सापेक्ष बनाने के लिए हटा दिया गया हो।

9.4 शिक्षण और प्रशिक्षण सी0आर0ई0टी0 की सिफारिशें

शिक्षण और प्रशिक्षण के पुनर्विलोकन संबंधी समिति (सी0आर0ई0टी0) ने जनवरी 1998 में आयोजित अपनी बैठक में अपनी रिपोर्ट परिषद को प्रस्तुत की । तत्पश्चात, परिषद् ने जुलाई, अगस्त, और अक्टूबर, 1998 में आयोजित अपनी क्रमशः 193वी 194वीं और 195वीं बैठक पर विचार किया। समिति की कुछ मुख्य सिफारिशें जिन्हें परिषद द्वारा स्वीकार कर लिया गया है, इस प्रकार है। (1) प्रवेश संबंधी अपेक्षाओं के लिए न्यूनतम अर्हता 10 प्लस 2 परीक्षा या उसके समतुल्य उत्तीर्ण की बनी रहनी चाहिए।

(2) प्रायोगिक प्रशिक्षण शुरू करने से पूर्व लगभग दो वर्ष की अवधि का दो भागों में - वृत्तिक शिक्षा 1 (पी0ई0-1) और वृत्तिक शिक्षा 2 (पी0ई0-2), वृत्तिक शिक्षा (पी0ई0) पाठ्यक्रम शुरू किया जाना चाहिए (3) आर्टिकल्स के शुरू किए जाने से पूर्व 200-300 घंटों के समतुल्य लगभग तीन मास की अवधि का कम्प्यूटर में प्राद्योगिक प्रशिक्षण अनिवार्य होना चाहिए और (4) प्राद्योगिक प्रशिक्षण की अवधि तीन वर्ष बनीरहनी चाहिए। विस्तृत ब्यौरे के लिए परिशिष्ट 5 का पैरा 17 देखें।

9.5 चार्टर्ड एकाउन्टेंटों का अखिल भारतीय सम्मेलन :

सभी क्षेत्रों में विविध वृत्तिक सदस्यों से सभी कार्यक्रमों में वृत्तिक उत्कृष्टता और उपलब्धियों की बौद्धिक सहभागिता के लिए एक मंच का उपबंध कराने के लिए चार्टर्ड एकाउन्टेंटों का अखिल भारतीय सम्मेलन तीन वर्ष में एक बार आयोजित किया जाता है। **सम्मेलन का विषय आर्थिक भूमंडलीकरण अनिवार्यताएं तथा प्रत्याशाएं हैं।**

सम्मेलन का आयोजन दिसंबर 1999 में नई दिल्ली में किया जाएगा और इसमें भारत तथा विदेशों के वृत्तिक निकायों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ इस व्यवसाय के अनेक सदस्यों के भाग लेने की आशा है। सम्मेलन के आयोजन के लिए गठित अखिल भारतीय समिति का विवरण जिनसे मिलकर बनेगी उसका वर्णन परिशिष्ट I में किया गया है।

10. अन्य विषय

10.1 संस्थान का वार्षिक समारोह

संस्थान का 49वां वार्षिक समारोह तारीख 16 जनवरी 1999 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक माननीय श्री वी0के0 शुंगलू इसमें मुख्य अतिथि थे। इस समारोह में प्रस्तुत सर्वोत्तम लेखा के लिए संस्थान के प्रतिष्ठित पुरस्कारों के विजेताओं को शील्ड और पट्टिकाएं तथा श्लाघ्य संस्थान द्वारा ली गई परीक्षाओं में श्लाघ्य छात्रों को पुरस्कार तथा मंडल और संस्थान की विशिष्ट प्रादेशिक परिषद और शाखा को सम्मान रूप शील्ड और प्रमाणपत्र दिए गए थे। इस समारोह में संस्थान के सदस्यों छात्रों अधिकारियों और कर्मचारिवृद्ध के साथ-साथ बहुत संख्या में आमंत्रित व्यक्ति उपस्थित हुए थे।

10.2 चार्टर्ड एकाउन्टेंट अधिनियम, 1949 और चार्टर्ड एकाउन्टेंट विनियम, 1988 में संशोधन

(क) चार्टर्ड एकाउन्टेंट अधिनियम, 1949 में संशोधन

जैसा कि पिछली रिपोर्ट में बताया गया है, संस्थान की परिषद ने बदलती जरूरतों और केन्द्रीय सरकार की उदारीकरण की वर्तमान पालिसी को ध्यान में रखते हुए चार्टर्ड एकाउंटेंट अधिनियम 1949 में संशोधन करने के व्यापक प्रस्ताव सरकार को भेजे हैं। हाल ही में, परिषद के सदस्यों तथा संस्थान के अधिकारियों को अधिनियम विनियमों या उनके अधीन किए गए आदेशों के अनुसरण में सदभाव पूर्वक किए गए या किए जाने के लिए आशियता किसी कार्य से छूट दिए जाने की बावत अधिनियम और विनियमों में संशोधन किए जाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा है। संदर्भित संशोधन केन्द्रीय सरकार के विचारधीन हैं।

(ख) चार्टर्ड एकाउन्टेंट विनियम 1988 में संशोधन

संस्थान ने सदस्यों, आर्टिकल/लेखा परीक्षक लिपिकों आदि से संबंधित विनियमों में अनेक संशोधन किए जाने का भी प्रस्ताव किया था। वे संशोधन सरकार के विचाराधीन हैं। मामलों के शीघ्र निपटारे के सुनिश्चित किए जाने के लिए अनुशासनात्मक कार्यवाहियों से संबंधित विनियमों के उपबंधों पर अधिनियमों तथा विनियमों में यथासाध्य सीमा तक एक समान उपबंध करने की सिफारिश करने के लिए तीनो संस्थानो अर्थात आई0सी0ए0आई0, आई0सी0 डब्ल्यू0ए0आई और आई0सी0एस0आई0 की एक इंटर इंस्टीट्यूट टास्क फोर्स का गठन किया गया था।

संस्थान ने (चार्टर्ड एकाउंटेंट विनियम 1988 के अनुशासनिक मामलों से संबंधित) कुछ उपबंधों का चार्टर्ड एकाउंटेंट अधिनियम 1949 में अनुशासन संबंधी उपबंधों के संशोधन के लिए पहले प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर संशोधन किए जाने संबंधी अपने प्रस्ताव सरकार को भेजे हैं।

10.3 केन्द्रीय परिषद पुस्तकालय

केन्द्रीय परिषद पुस्तकालय पुस्तकों, जर्नलों, समाचारपत्रों और निर्देश संबंधी सुविधाओं की तथा विभिन्न वृत्तिक जर्नलों और समाचारपत्रों से एकत्रित लेखों की उपलब्ध कराती है, जिसकी सूची प्रतिमास संस्थान के जर्नल में प्रकाशित की जाती है और साथ ही संस्थान के वेब साइट पर दी जाती है। अनुसंधान कर्ताओं और फाउन्डेशन पाठ्यक्रमों के छात्रों को भी निर्देश संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती है। संस्थान के नोएडा स्थित कार्यालय में भी पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कम्प्यूटरीकरण का कार्य किया जा रहा है।

पुस्तकालय की सुविधांए पूरे देश के क्षेत्रीय केन्द्रों और शाखाओं में भी उपलब्ध कराई गई हैं। पुस्तकालयों के विकास के लिए संस्थान द्वारा मान्यताप्राप्त एसोसिएशनों और अध्ययन सर्किलों को अनुदान दिए जाते हैं। परिषद ने सभी क्षेत्रीय परिषदों तथा शाखाओं मे उपलब्ध पुस्कालय सुवधिाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए विशेष अनुदान दिए जाने का विनिश्चय किया है।

10.4 जर्नल

संस्थान का मासिक जर्नल दि चार्टर्ड एकाउंटेंट सदस्यों छात्रों और साथ ही बाहर के पाठकों के लिए संस्थान की रूपरेखा का अत्यंत सुस्पष्ट और आवर्तक सूचक है। जर्नल का उच्च वृत्तिक स्तर बनाए हुए है। और रिर्पोटाधीन अवधि में भी यही स्थान मिला हुआ था और इसकी मासिक परिचालन संख्या 1,32,000 को पार कर गई है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान शुरू किए गए कुछ उपायों से जैसे अभिन्यास और डिजाइन, मुख्य रूपरेखा प्रस्तुत करने आदि सभी क्षेत्रों में विशिष्ट सुधार हुआ है।

वर्ष के दौरान, जुलाई 1998 में स्वर्ण जयंती संस्मारक का विशेष संस्करण भी प्रकाशित किया गया था, जिसमें पूर्व अध्यक्षों के संदेश स्वर्ण जयंती उत्सवों ओर स्वर्ण जयंती समारोहों के ब्यौरे छपे थे। जर्नल से सदस्यों को क्रमागत वृत्तिक शिक्षा देने का भी प्रयोजन पूरा हुआ है। इस संदर्भ मे सभी एस0 ए0 एफ0 ए0 निकायों, आई0एफ0ए0सी0, इटली, रूस, उक्रेन, यू0एन0सी0टी0ए0डी0 आदि से लेख प्राप्त हुए हैं। और प्रकाशित किए गए हैं। सदस्यों में मैत्री भाव पैदा करने के भी प्रयास किए जा रहे है।

संपादक बोर्ड संपूर्ण देश के आर-पार के सदस्यों के व्यापक वर्णक्रम को देखते हुए जर्नल की समग्र क्वालिटी को सुधारने का प्रयास कर रहा है जिससे कि इसे और सुसंगत और उपयोगी बनाया जा सके।

11. सदस्य

11.1 **सदस्यता**

31 मार्च, 1999 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान संस्थान द्वारा 7154 नए सदस्य नामांकित किए गए।

31 मार्च 1999 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान 2358 सहयुक्तों को अधिसदस्य के रूप में शामिल किया गया जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 2375 थी।

तारीख 01.04.1999 को सदस्यों के आंकड़ों

	सदस्यों का प्रवर्ग	सहयुक्त (1)	अधिसदस्य (2)	स्तंभ (1) और (2) का जोड़
1.	पूर्णकालिक व्यवसाय में	18813	34528	53341
2.	अंशकालिक व्यवसाय में	7344	2894	10238
3.	जो व्यवसायरत नहीं है	22123	3889	26012
	जोड़	48280	41311	89591*

11.2 **दिवंगत सदस्य**

परिषद् बड़े दुःख के साथ संस्थान के पूर्व अध्यक्ष श्री एम0सी0 भंडारी और अन्य दिवंगत सदस्यों की दुःखद मृत्यु की सूचना अंकित करती है। उन सदस्यों की नामसूची जिनके नाम 31 मार्च 1999 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान मृत्यु होने के कारण सदस्य-रजिस्टर से निकाल दिए गए हैं, परिशिष्ट-6 में दी गई है।

11.3 **चार्टर्ड एकाउन्टेंट हितकारी निधि**

चार्टर्ड एकाउन्टेंट हितकारी निधि, जिसकी स्थापना दिसंबर 1962 में की गई थी, अभी भी उन जरूरतमंद व्यक्तियों को, जो संस्थान के सदस्य हैं या रहे हैं और उनके आश्रितों को आश्रितों के भरणपोषण उनकी शिक्षा और चिकित्सियों जरूरतों आदि के लिये वित्तिय सहायता प्रदान करती रहती है। निधि के आजीवन सदस्यों की संख्या जो कि 31 जुलाई, 1998 को 16145 थी, बढ़कर 31 मई 1999 को 23145 हो गई है। निधि के वित्तीय ब्यौरे इस प्रकार है।

	31 मार्च 1998 वर्ष के दौरान	31 मार्च 1999 वर्ष के दौरान
संवितरित राशि :	7,84,233/.	15,90,349/.
निधि में अतिशेष राशि :	1,27,72,305/.	1,50,23,483/.

12. छात्र

12.1 **छात्रों के आंकड़े**

12.1.1. अध्ययन बोर्ड फाउन्डेशन और चार्टर्ड एकाएन्टेन्सी (इंटरमीडिएट और फाइनल) पाठ्यक्रम के छात्रों को अभी भी व्यापक अध्ययन सामग्री प्रदान की प्रक्रिया जारी रखे हुए है। नियमित अध्यतन प्रक्रिया द्वारा उनका पुर्नविलोकन करने तथा उनमें सुधार करने की प्रक्रिया और बाह्य विशेषज्ञों द्वारा पुनर्विलोकन किए जाने की प्रक्रिया को और सुदृढ़ बनाया गया है। पूर्व की भांति, मई/नवंबर परीक्षाओं में नियत प्रश्नों के सुझाए गए उत्तर के अंक (जिल्दें) भी बोर्ड द्वारा प्रकाशित किए गए थे।

12.1.2 फाउन्डेशन पाठ्यक्रम की अध्ययन सामग्री को पुस्तक आकार में प्रकाशित किया गया है। इसी प्रकार के कदम इंटरमीडिएट ओर फाइनल पाठ्यक्रमों की अध्ययन सामग्री प्रकाशित करने के लिए उठाए गए हैं।

12.1.3 इंटरमीडिएट पाठ्यक्रम के लिए हिन्दी अध्ययन सामग्री का भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 1 जुलाई 1998 को स्वर्ण जयंती समारोह के उद्घाटन के अवसर पर विमोधन किया गया था।

* उपरोक्त में परिवर्तन सम्भावित

12.1.4 31 मार्च 1999 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान फाउन्डेशन पाठ्यक्रम के लिए रजिस्ट्रीकृत छात्रों की कुल संख्या 43,809 थी। उनका क्षेत्रावार ब्यौरा परिशिष्ट 7 में दिया गया है।

12.1.5 31 मार्च 1999 को 31 मार्च को समाप्त होने वाले वर्षों के दौरान इंटरमीडिएट पाठ्यक्रम और फाइनल पाठ्यक्रम के लिए नामांकित छात्रों की कुल संख्या इस प्रकार है :

पाठ्यक्रम	1998-99	1997-98
इंटरमीडिएट	28,253	24,652
फाइनल	12,227	9,394

12.1.6 अध्ययन बोर्ड की नामावलि में तारीख 31 मार्च 1999 तक नामांकित छात्रों की (उन छात्रों को छोड़कर, जिन्हें फाउन्डेशन पाठ्यक्रम के लिए रजिस्ट्रीकृत किया गया है) कुल संख्या 31 मार्च 1998 की कुल संख्या 1,70,596 की तुलना में 1,92,147 थी। जिसका ब्यौरा परिशिष्ट 8 में दिया गया है।

12.1.7 31 मार्च 1999 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान फाउन्डेशन पाठ्यक्रम के छात्रों के लिए क्लास लगाने के लिए 28 संस्थाओं (जिसके अंतर्गत दो शाखाएं भी हैं) को और इंटरमीडिएट पाठ्यक्रम के लिए 7 संस्थाओं (जिसके अंतर्गत एक शाखा भी है) को प्रत्यायन प्रदान किया गया था। तत्पश्चात्, क्षेत्रीय मानीटरिंग समितियों की सिफारिशों के अधार पर फाउन्डेशन पाठ्यक्रम के लिए 6 और संस्थाओं को तथा इंटरमीडिएट पाठ्यक्रम के लिए 3 और संस्थाओं को प्रत्यायन प्रदान किया गया है।

12.1.8 31 मार्च 1999 को फाउन्डेशन पाठ्यक्रम तथा इंटरमीडिएट पाठ्यक्रम के लिए प्रत्यापित संस्थाओं की कुल संख्या क्रमशः 236 और 54 थी।

12.1.9 135 प्रत्यापित संस्थाओं द्वारा मई 1998 की फाउन्डेशन परीक्षा के लिए छात्रों के लिए क्लासें लगाई गई जबकि नवंबर 1998 की परीक्षा के लिए 49 संस्थाओं द्वारा क्लासें लगाई गई। 17 प्रत्यापित संस्थाओं द्वारा मई और नवंबर 1998 दोनों परीक्षाओं के लिए इंटरमीडिएट छात्रों के लिए क्लासें लगाई गई। 94 संस्थाओं ने मई 1999 की फाउन्डेशन परीक्षाओं के लिए क्लासें लगाई गई जबकि 15 संस्थाओं ने मई, 1999 की इंटरमीडिएट परीक्षाओं के लिए क्लासें लगाई गई। प्रत्यापित संस्थाओं के कार्य को क्षेत्रीय मानीटरिंग समितियों द्वारा निरंतर मानीटर किया जाता था और 9 मामलों में प्रत्यायन वापस लिया गया था।

12.1.10 बोर्ड के अंशकालिक परीक्षाओं तथा प्रत्यापित संस्थाओं के संकाय सदस्यों बैठकें वर्धित पारम्परिक क्रिया और पुनर्निवेशन को सुकर बनाने की दृष्टि से भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में आयोजित की गई थीं

12.1.11 छात्रों के लिए एक दिवसीय सेमिनार की, वाग्मिता प्रतियोगिता तथा अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए अप्रत्यक्ष कर में विशेष क्लासों की स्कीमें जारी रही। सात शाखाओं ने एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किए चार्टर्ड अकाउन्टेन्सी के छात्रों के लिए तारीख 9 जनवरी 1999 को भुवनेश्वर में चौथी अखिल भारतीय वाग्मिता प्रतियोगिता हुई थी। क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिता से 20 विजेताओं ने भाग लिया था और पांच सर्वोत्तम वक्ताओं को पुरस्कार दिये गए थे। इससे पूर्व 13 शाखाओं ने शाखा स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की थी और पांच क्षेत्रीय परिषदों ने क्षेत्रीय स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की थी। बोर्ड ने वर्ष 1999-2000 के दौरान भी एक-दिवसीय सेमिनार तथा वाग्मिता प्रतियोगिता की स्कीमों का कार्य जारी रखने का विनिश्चय किया है। इसके अतिरिक्त, बोर्ड ने विलेखों और दस्तावेजों के प्रारूपण, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों, सूचना प्रौद्योगिकी, सामान्य ज्ञान और अर्थ व्यवस्था निगम विधि और पूंजी बाजार संबंधी विषयों में अंश कालिक मोड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए क्षेत्रों और शाखाओं को प्रोत्साहित करने का भी विनिश्चय किया है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य चुने हुए विषयों के प्रति विशेष बल व्यवहारिक पहलुओं पर देते हुए छात्रों की व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि और जागरूकता को बढ़ाना है।

भाग लेने वाले व्यक्तियों को संवितरण किए जाने की बाबत इस प्रयोजन के लिए एक समान पृष्ठभूमि सामग्री लाए जाने का प्रस्ताव है।

12.1.12 वर्ष के दौरान चार्टर्ड एकाउन्टेंटस छात्रों के लिए निम्नलिखित क्षेत्रीय सम्मेलन हुए थे।

(1) कर्नाटक राज्य चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट छात्रा सम्मेलन, बैंगलोर - 29-30 अगस्त 1998
(2) एस0आई0 सी0ए0 एस0 ए0 का 16वां क्षेत्रीय सम्मेलन, कोचीन 4-5 दिसम्बर 1998
(3) डब्ल्यू0 आई0 सी0ए0एस0ए0 का क्षेत्रीय सम्मेलन, नागपुर 12-13 दिसम्बर 1998

(4) सी0आई0सी0ए0एस0ए0 का क्षेत्रीय सम्मेलन, रायपुर 8–9 जनवरी 1999
(5) एस0आई0सी0ए0एस0ए0 का वार्षिक सम्मेलन, चेन्नई 13 – 14 फरवरी 1999

12.1.13 तारीख 1 और 2 अगस्त, 1998 को इन्दौर में 11वें अखिल भारतीय चार्टर्ड अकाउन्टेंट्स छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसका विषय वृत्तिक लेखाकार नई चुनौतियां (प्रोफेशनल अकाउन्टेंट – दि न्यू चैलेंज्स) था। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न भागों से लगभग 850 छात्रों ने रिकार्ड संख्या में भाग लिया था। सम्मेलन का उद्घाटन देवी अय्यरलाल द्वारा किया गया था। और उसमें अध्यक्ष और उपाध्यक्ष द्वारा अभिभाषण दिया गया था। छात्रों द्वारा दिए गए 12 तकनीकी विषयों पर 15 पेपरों पर चार तकनीकी सत्रों में विचार विमर्श किया गया था। विचार विमर्श में भाग लेने वाले छात्रों ने अपने ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन किया। सार्वभौम युग में लेखाकार (अकाउन्टेंट्स इन ग्लोबलाइजेशन इरा) विषय पर अखिल भारतीय स्वर्ण जयंती सी0ए0 छात्र सम्मेलन तारीख 7 और 8 अगस्त 1999 को बड़ौदा में होना निर्धारित है।

12.1.14 वर्ष के दौरान, छात्रों के लिए तीन टेलीकान्फ्रेंसिंग कार्यक्रम इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के सहयोग से इलैक्ट्रानिक मीडिया प्रोडक्शन सेन्टर द्वारा में आयोजित किये गये थे उतम कार्यक्रमों में लेखाकर्म मानक, पूंजीगत लाभ कराधान और लेखापरीक्षण व्यवसाय पर विवरण विषयों को सम्मिलित किया गया था। सैकड़ों छात्रों ने इग्नू के विभिन्न क्षेत्रीय केन्द्रों से इस कार्यक्रम को देखा था और एस0टी0डी0 काल और फैक्स के माध्यम से कुशल व्यक्तियों से परस्पर संपर्क किया। कांग्रेस तिथि पर चौथा टेलीकान्फ्रेंसिंग कार्यक्रम मई, 1999 में आयोजित किया गया था।

12.1.15 31 मार्च 1999 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान संस्थान की निधियों में से 330 छात्रों को छात्रवृत्तियां प्रदान की गई थी। योग्यता-सह जरूरत पर आधारित छात्रवृत्तियां–20, योग्यता छात्रवृत्तियां 24, जरूरत पर आधारित छात्रवृत्तियां 229, आंशिक निःशुल्क वृत्तियां – 57 इसी प्रकार, 33 छात्रों को इस प्रयोजन के लिए सृजित विभिन्न विन्यासों से होने वाली आय से छात्र वृत्तियां दी गई थी।

12.1.16 बोर्ड ने विद्यमान विन्यास निधियों की संग्रह राशि को कम से कम 25,000 रुपए तक बढ़ाने का विनिश्चय किया जिससे कि 250 रुपए प्रतिमास की न्यूनतम छात्रवृत्ति दिए जाने को सुकर बनाया जा सके। कुछ विद्यमान निधियों के दाताओं से अतिरिक्त अभिदाय प्राप्त किए गए थे। जिससे कि उपयुक्त मामलों में संग्रह राशि को बढ़ाया जा सके।

12.1.17 सी0ए0 पाठ्यक्रम को पढ़ने वाले शालाध्य और जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्तियां प्रदान करने के लिए दो विन्यासों का सृजन किया गया था। '

- राजकुमार विन्यास निधि (30,000/– रुपए)
- गुरबक्श सिंह जसविंदर सिंह बग्गा स्मारक छात्रवृत्ति निधि (25,000/= रुपए)

12.1.18 वर्ष के दौरान, 5 नई श्रव्य कैसटों का विमोचन किया गया। इनमें तीन कैसेटें वे हैं जिनमें स्वर्ण जयंती के स्वर्णोत्सव में पूर्व अध्यक्षों की वार्ता अंतर्विष्ट है। एक और कैसेट का, जिसमें पूर्व अध्यक्ष की वार्ता है, जुलाई 1999 में विमोचन किया गया है।

12.1.19 पूर्व छात्रों के लिए एक नई स्कीम शुरू की गई थी। जिससे कि वे छात्र, जिन्होंने अपने आर्टिकल्स तो पूरे कर लिए हैं किन्तु इंटरमीडिएट/फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सके, 200/- रुपए की मामूली फीस का संदाय करके बोर्ड की नामावलि में बने रहें और समय-समय पर बोर्ड के उपयोगी प्रकाशन प्राप्त करते रहें।

12.2 छात्र सूचना-पत्र

मासिक छात्र सूचना पत्र-'दि चार्टर्ड एकाउन्टेंट स्टूडेंट' छात्रों में लोकप्रिय और उनके लिये उपयोगी बनाया हुआ है। सूचना-पत्र के पृष्ठों की संख्या बढ़ाकर 20 कर दी गई है। इसमें वृत्तिक विषयों पर, शैक्षिणिक मार्गदर्शन पर अनेक उपयोगी लेख, अनुपूरक अध्ययन सामग्री और परीक्षाओं के लिए प्रभावी रूप से तैयारी करने संबंधी और संघर्ष तथा अन्य व्यक्तिगत कार्यों के विकास संबंधी सुझाव/युक्तियां होती हैं। सूचना-पत्र के प्रत्येक अंक में प्रकाशित दो सर्वोत्तम लेखों के लिए दो नकद पुरस्कार देने का विनिश्चय किया गया है। सूचना पत्र के प्रथम अंक में प्रकाशित निम्नलिखित दो सर्वोत्तम लेखों के लिए पुरस्कार दिए गए थे।

1. सही व्यवसायी = श्री पी0एम0 शाह, जून 1997 (प्रथम पुरस्कार)
2. अनुसचिवों से परिचय=सुश्री आइवी प्रिया चीव जनवरी 1998 (द्वितीय पुरस्कार)

12.3 चार्टर्ड एकाउन्टेंट छात्र एसोसिएशन की शाखाएं

चार्टर्ड एकाउन्टेन्सी पाठ्यक्रम के छात्रों को अध्येता भावना के विकास और सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक प्रोन्नयन में छात्रों को सक्रिय रूप से सम्मिलित करने की दृष्टि से संस्थान की परिषद् छात्रों को चार्टर्ड एकाउन्टेंट छात्र एसोसिएशन की शाखाएं स्थापित करने के लिए सदैव प्रोत्साहित किया है।

12.4 एस0 वैद्यनाथ अय्यर स्मारक निधि

31 मार्च 1998 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान, चार्टर्ड अकाउन्टेंसी पाठ्यक्रम में पढ़ने वाले छात्रों को प्रतिमास 150/- रुपए मूल्य की 50 छात्रवृत्तियां दी गई थी। तारीख 31 मई, 1999 को निधि की सदस्य संख्या 278 थी। तारीख 31 मार्च, 1999 को निधि के जमा खाते में 3,27,010.05 रुपए अतिशेष में थे, जबकि तारीख 31 मार्च, 1998 को यह अतिशेष राशि 2,72,695/- रुपए थी।

12.5 चार्टर्ड अकाउन्टेंट पाठ्यक्रम को मान्यता

विभिन्न विश्वविद्यालयों से निरंतर अनुबंधन करते हुए विश्वविद्यालय और उच्चतर माध्यमिक बोर्ड संपर्क समिति कुल मिलाकर 59 विश्वविद्यालयों से चार्टर्ड अकाउन्टेंसी पाठ्यक्रम के लिए और साथ ही तीन भारतीय प्रबंधन संस्थान आई0आई0एम0 और भारतीय विश्वविद्यालयों की एसोसिएशन (एसोसिएशन आफइंडियन यूनिवर्सिटीज) पी0एच0डी0/फेलो कार्यक्रम के प्रयोजन के लिए मान्यता अभिप्राप्त करने में सफल रही है।

13. क्षेत्रीय परिषदें और उनकी शाखाएं

13.1 संस्थान की पांच क्षेत्रीय परिषदें है अर्थात पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद दक्षिणी भारत क्षेत्रीय परिषद्, पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद, मध्य भारत क्षेत्रीय परिषद, और उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् जिनके मुख्यालय क्रमशः मुम्बई, चेन्नई, कलकत्ता, कानपुर और नई दिल्ली में हैं।

13.1.1 रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, परिषद् ने पांच नई शाखाएं निम्नलिखित स्थानों पर स्थापित करने का विनिश्चय किया है (1) पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद् की अधिकारिता के अधीन राऊरकेला में (2) मध्य भारत क्षेत्रीय परिषद् के अधीन मुरादाबाद में, (3) पानीपत में (4) गुड़गांव में, और (5) उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् के अधीन पटियाला में। इस प्रकार, तारीख 31.07.1999 को क्षेत्रीय परिषदों की शाखाओं की कुल संख्या परिशिष्ट 9 में दी गई है।

13.1.2 वर्ष के दौरान, संस्थान का एक चेप्टर (सभा) देश के बाहर नैरोबी (केन्या) में स्थापित किया गया है। इसके साथ ही संस्थान के चेप्टरों की संख्या 10 हो गई है। भारत के बाहर स्थित संस्थान के चेप्टरों की सूची परिशिष्ट 9 में दी गई है।

13.1.3 अवधि के दौरान, परिषद् ने सात नए निर्देश पुस्तकालय पश्चिमी क्षेत्र में इचलकरंजी, भावनगर और अकोला में, दक्षिणी क्षेत्र में अनंतपुरम में और मध्य क्षेत्र में बीकानेर, सतना तथा रतलाम में स्थापित करने का भी विनिश्चय किया है।

13.2 शाखा भवन

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, क्षेत्रीय परिषदों की कुछ शाखाएं अपने स्वयं के भवनों को बनाने में रूचि दिखा रही हैं जबकि विशाखापट्टनम, सेलेम, जोधपुर और हिसार की शाखाएं अपनी भवन परियोजनाएं पूरी कर चुकी हैं। इसके अतिरिक्त, कुछ शाखाओं में शाखा परिसरों का सम्मिमार्ण/ अतिरिक्त सम्मिमार्ण कार्य प्रगति पर है।

13.3 आवर्ति शील्ड

वर्ष 1986-87 से, संस्थान प्रत्येक वर्ष सर्वोत्तम क्षेत्रीय परिषद् को आवर्ती शील्ड प्रदान करता आ रहा है। यह पुरस्कार समग्र कार्य-पालन के आधार पर दिया जाता है। इसी प्रकार, प्रतिवर्ष सर्वोत्तम शाखा को पृथक आवर्ती शील्ड दी जाती है। यह पुरस्कार नियत मापदंडों के आधार पर दिया जाता है। वर्ष 1999 के लिए, ये शील्ड वार्षिक समारोह में प्रदान की जाएंगी।

13.4 नए विकेन्द्रीकृत कार्यालय

क्षेत्रीय स्तर पर कार्य/क्रियाकलापों की मात्रा बढ़ने के तथ्य पर विचार करते हुए और उन त्वरित और व्यक्तिगत सेवा मूल्यों को जिन्हें कि विकेन्द्रीकरण की प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है, स्वीकार करते हुए संस्थान की परिषद् ने पांच विकेन्द्रीकृत कार्यालय पहले ही दक्षिणी क्षेत्र में बंगलौर और हैदराबाद में, पश्चिमी

क्षेत्र में अहमदाबाद और पुणे में और मध्यक्षेत्र में जयपुर में स्थापित कर दिए हैं इसके अतिरिक्त, मुंबई, चेन्नई, कलकत्ता, कानपुर और नई दिल्ली में पहले ही विकेन्द्रीकृतकार्यालय कार्य कर रहे हैं।

14. वित्त और लेखा

तारीख 31 मार्च 1999 तक का परिषद् द्वारा यथा अनुमोदित तुलन पत्र और उस तारीख को समाप्त होने वाले वर्ष का आय-व्यय लेखा संलग्न है।

15. आभार

15.1 परिषद् संस्थान के उन सभी सदस्यों की कृतज्ञ है जिन्होंने संस्थान की समितियों में सहयोजित सदस्यों के रूप में कार्य किया और उन गैर सदस्यों के प्रति कृतज्ञ है जिन्होंने वर्ष 1998-99 के दौरान परिषद् की उसके शैक्षिक, तकनीकी और अन्य विकासशील क्रियाकलापों तथा उनकी परीक्षाओं के संचालन में सहायता की।

15.2 परिषद् केन्द्रीय सरकार और परिषद् में उसके नामनिर्देशितियों द्वारा वर्ष 1998-99 के दौरान दी गई सहायता और समर्थन के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहती है। परिषद भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी, केन्द्रीय मंत्रियों, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों के प्रति स्वर्ण जयंती समारोहों में तहेदिल से भाग लेने के लिए कृतज्ञता व्यक्त करती है।

15.3 परिषद् संस्थान के सभी अधिकारियों और कर्मचारिवृंद का वर्ष 1998-99 के दौरान उनके द्वारा किए गए सच्चे और सेवानिष्ठ प्रयासों के लिए अपना आभार व्यक्त करती है।

सदस्यों के आंकड़े (01.04.1994 से)

सारणी I

	01.04.1994 को	01.041995 को	01.04.96 को	01.04.97 को	01.04.98 को	01.04.1999 को
फैलो	29,866	32,585	34,971	36,995	39,204	41,311
एसोशियेट	38,522	38,378	39,381	41,511	44,976	48,280
योग	**68,388**	70,963	**74,352**	**78,506**	**84,180**	**89,591** *

सदस्यों के आंकड़े (01.04.1951 से)

सारणी II

	01.04.1951	01.041961	01.04.1971	01.04.1981	01.04.1991
फैलो	672	1,590	3,326	8,642	22,136
एसोशियेट	1,285	4,059	7,901	16,796	36,862
योग	**1,957**	**5,649**	**11,227**	**25,438**	**58,998**

छात्र रजिस्ट्रीकरण वृद्धि आंकंडे (31.03.1994 से)

